हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 265 | बुधवार, 20 अप्रैल, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



विधानसभा अध्यक्ष ऋतू खंडूरी से मिले बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय 3

# चारधाम यात्रा के दौरान उत्तराखंड आने वाले लोगों का होगा वेरिफिकेशन : मुख्यमंत्री

## बोले, सरकार एक विशेष अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर नकेल कस सकेगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा शुरू ही होने वाली है। प्रदेश की आस्था और आर्थिकी का सबसे बड़ा अवसर होता है चार धाम यात्रा और इसमें आने वाले करोड़ों तीर्थयात्री ... लेकिन हरिद्वार में हनुमान जयंती के दौरान निकाली गई शोभायात्रा पर हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद सरकार सतर्क है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बड़ा बयान दिया है ... मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान उत्तराखंड आने वाले लोगों का वेरिफिकेशन किया जाएगा.... साथ ही राज्य में असामाजिक तत्वों के वेरिफिकेशन के लिए एक मुहिम चलाई जाएगी.... ताकि राज्य का माहौल खराब न हो... उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है...

आपको बता दें कि साधु संतों ने ये मांग उठाई है कि चारधाम में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित होना चाहिए.... ऐसे में मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान प्रदेश में ऐसे किसी भी व्यक्ति का प्रवेश नहीं होना चाहिए, जिससे हमारी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचे... उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा... मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार एक विशेष अभियान चलाकर वेरिफिकेशन का काम करेगी ताकि असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके....

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने के लिए 1064 ऐप और नंबर जारी किया है.... जिसमें कोई भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है... साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शिता से यह काम चले.... वहीं, सभी विभागों को इसके निर्देश भी दिये गए हैं...






# सदन में रचनात्मक कार्य के लिए निभाऊंगा सकारात्मक भूमिका : यशपाल आर्य



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

**देहरादून।** उत्तराखंड में नेता प्रतिपक्ष का पदभार संभालने के बाद कांग्रेस विधायक यशपाल आर्य ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से विधानसभा में शिष्टाचार भेंट की । इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने यशपाल आर्य को नेता प्रतिपक्ष बनने पर अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। शिष्टाचार भेंट के दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के बीच सदन संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से आगामी सत्रों के दौरान शांतिपूर्वक एवं सुचारु रुप से सदन संचालन के लिए सहयोग की अपेक्षा की ।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि सदन के सफल संचालन एवं रचनात्मक कार्य के लिए वह सदा सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। आपको बता दें कि इस मुलाकात के दौरान हल्द्वानी से विधायक सुमित हृदयेश भी साथ रहे और दोनों ही कोंग्रेसी नेताओं ने लम्बे समय तक आगामी सत्र को लेकर विचार मंथन किया।

# राज्य आंदोलनकारियों के डेलिगेशन ने की सीएम धामी को सौंपा मांगपत्र



**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच के एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री धामी से अपनी लम्बित मांगों और शासनादेश का पालन ना होने पर मुलाकात कर अपनी बात रखी है। आंदोलनकारी मंच द्वारा अपना 09 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने कहा कि चिन्हीकरण का जो शासनादेश था उस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है और ना ही जिलाधिकारी सूची में हस्ताक्षर कर रहे है। इसके साथ ही ना भू कानून , राजधानी , बेरोजगारो के लिए कोई व्यवस्था हो पा रही है। जिला अध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि महोदय आखिर 10% क्षेतीज आरक्षण (शिथलीकरण) पर इतना समय क्यों लग रहा है आप उसे शीघ्र लागू करवाए क्योंकि हमारे साथी उम्रदराज हो गए है जब भर्ती ही नहीं होगी तो हम उस 10% का करेंगे क्या या फिर स्पष्ट मना कर दीजिए ताकि हमारे आंदोलनकारी धोखे में ना रहे। या अगले माह गैरसैंण में पुनः नया एक्ट पारित कर आप व्यक्तिगत श्रेय ले लीजिए। राज्य आंदोलनकारी मंच ने पुर्रजोर तरीके से अपनी बात को सभी बिन्दुओं से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराकर जल्द निस्तारण की अपील की। माननीय मुख्यमंत्री ने पुनः राजभवन में एक्ट हेतु प्रयास की बात कही और अपने अधिकारी को जारी शासनादेश पर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।शिष्टमंडल में प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी नेगी , जिला अध्यक्ष प्रदीप कुकरेती , बीर सिंह रावत , राजेश पांथरी , प्रमोद मंद्रवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री धामी से मिले गायक कैलाश खेर केदार यात्रा के अनुभव सुनाये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान पर्यटन, संस्कृति एवं आध्यात्म से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की एवं और केदारनाथ धाम के यात्रा के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को वर्ष 2025 तक अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है, इसके लिए पर्यटन पर विशेष रूप से फोकस किया जायेगा। उत्तराखण्ड धर्म, संस्कृति और आध्यात्म का केन्द्र है।

# लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे नए सेना प्रमुख होंगे, जानिए जीवन परिचय







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है. वे मौजूदा सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवणे का स्थान लेंगे जो इसी माह 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं.... लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे नेशनल डिफेंस अकादमी के पूर्व छात्र हैं.... उन्हें दिसंबर 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स में कमीशन मिला था.... अपने विशिष्ट करियर में, उन्होंने सभी प्रकार के इलाकों में पारंपरिक और साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों में कई प्रतिष्ठित कमांड और स्टाफ संबंधी दायित्वों का निर्वहन किया है....

फ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे देश के नए आर्मी चीफ 29 वें सेना प्रमुख के पद पर पहुंचने वाले वो पहले इंजीनियर हैं। अब तक इन्फैंट्री, आर्टिलरी और आर्मर्ड अधिकारी ही सेना प्रमुख बनते रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे अभी थल सेना के उप-प्रमुख हैं। थल सेना का उप-प्रमुख बनने से पहले वह पूर्वी सैन्य कमांडर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान नियंत्रण रेखा (LOC) पर इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाली।

**ऑपरेशन पराक्रम में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका :** दिसंबर 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन पराक्रम के तहत पश्चिमी सीमा पर हथियारों और सैनिकों की बड़े पैमाने पर तैनाती कर दी गई थी। इस घटना के वक्त भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बन गए थे। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान नियंत्रण रेखा के पास इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाली। इसके साथ ही वो पश्चिमी सेक्टर में एक इंजीनियर ब्रिगेड, एलओसी के साथ एक पैदल सेना ब्रिगेड और पश्चिमी लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाके में एक पहाड़ी डिवीजन और पूर्वोत्तर में एक कोर की कमान संभाल चुके हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ संवेदनशील पल्लववाला सेक्टर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान 117 इंजीनियर रेजीमेंट की कमान संभाली थी.... पश्चिमी सेक्टर में एक इंजीनियर ब्रिगेड, एलओसी के साथ एक पैदल सेना ब्रिगेड और पश्चिमी लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाके में एक पहाड़ी डिवीजन और पूर्वोत्तर में एक कोर की कमान संभाली.वह संयुक्त राष्ट्र के कई मिशनों में भी योगदान दे चुके हैं.... वह जून 2020 से मई 2021 तक अंडमान एवं निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ भी रहे....

30 अप्रैल 2022 से देश के नए सेना प्रमुख बनने जा रहे लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे मूल रूप से महाराष्ट्र के नागपुर के रहने वाले हैं। बचपन से ही इनका सपना सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का था। इसके लिए ये अपनी स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने के बाद NDA में इनका सेलेक्शन हो गया। सेना में भर्ती होने के बाद मनोज पांडे ने कभी सोचा नहीं था कि इनको एक दिन देश के सेना प्रमुख बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। हमेशा से ही इनकी गिनती एक तेज तर्रार सेना अफसरों में होती रही है।

39 साल की अपनी सेवा में उन्होंने कई कमान और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभाला है.... इसमें वेस्टर्न थिएटर की इंजीनियर ब्रिगेड की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शामिल है, यह ब्रिगेड स्ट्राइक कोर का हिस्सा है.... इसके अलावा जम्मू-कश्मीर की नियंत्रण रेखा की इन्फैंट्री ब्रिगेड, वेस्टर्न लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाके में माउंटेन डिविजन और एलएसी पर तैनात कमांड ऑफ कॉर्प्स और पूर्वी कमान में उग्रवाद रोधी बल भी में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं. वो ब्रिटेन के कैंबरले के स्टॉफ कॉलेज से ग्रेजुएट के अलावा हायर कमांड और नेशनल डिफेंस कॉलेज कोर्सेस भी पूरे किए हैं... उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल जैसे बड़े सैन्य सम्मान भी हासिल किए हैं....

# देवभूमि में पांडुलिपियों का हुआ प्रदर्शन, मसूरी में जुटे इतिहासकार

■ इतिहास को संरक्षित करने वाले लोगों को किया सम्मानित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




मसूरी में पांडुलिपियों के संरक्षण और जागरूकता के लिए उत्तराखंड की महत्वपूर्ण पांडुलिपियों की एक प्रदर्शनी का आयोजन नगर पालिका सभागार में किया गया। जिसमें महाराजा टिहरी मनुजेंद्र शाह ने इतिहास, संस्कृति के संवर्धन करने वाले इतिहासकार गोपाल भारद्वाज, गणेश सैली, समीर शुक्ला, मुनीर सकलानी, डा. योगंबर बर्त्वाल, कुसुम रावत, विनोद कुमार, रस्किन बांड, बिल एटकिन, विक्टर बनर्जी, स्टीफन आल्टर को सम्मानित किया ।

नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाराजा मनुजेंद्र शाह ने कहा कि जो हमारी धरोहर व संस्कृति है उसे बचाने के साथ ही उसे भावी पीढ़ी को उसके बारे में बताना भी जरूरी है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास, संस्कृति, बोलीभाषा का संवर्धन करने के साथ ही पांडुलिपियों को बचाने के लिए योजनावद्ध तरीके से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रूप से समृद्ध है, इसलिए सभी का कर्तव्य है कि अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनें व युवाओं का आह्वान किया कि वे इसे आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

चंद्रकुंवर बर्त्वाल शोध संस्थान उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. योगबंर सिंह बर्त्वाल ने कहा कि टिहरी राजशाही का अपना समृद्ध इतिहास है तथा यहां अनेक पांडुलिपियां है जिन्हें खोजने व उसे संरक्षित करने की जरूरत है। प्रदर्शनी में महाराजा सुदर्शन शाह रचित सभागार, रतन कवि रचित फतेह शाह, गुरु गोविंद सिंह हस्त रचित विचित्र नाटक, शंकर गुरू रचित वास्तु शिरोमणि के साथ ही गढवाली भाषा रचित तंत्र ग्रंथ, ज्योतिष ग्रंथ, मंत्र ग्रंथ विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अलावा कई घरों में पांडुलिपि हैं जिसके बारे में किसी को पता नहीं है उसे सामने लाया जाना चाहिए।



# मसूरी में कांग्रेस उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट ने भाजपा पर बोला हमला



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ बोले, भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का कर्ज जल्द पहुंचेगा 100 हजार करोड़ से पार

उत्तराखंड के कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट ने मसूरी में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड चुनाव के बाद कांग्रेस ने पार्टी संगठन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और उनको पूरा विश्वास है कि उत्तराखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष करण महारा के नेतृत्व में कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ काम करेगी वहीं उन्होंने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने नवयुवकों को संगठन की कमान संभालने का मौका दिया है जिससे कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ प्रदेश संगठन के को मजबूत कर सके और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा सकें ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुटता के साथ काम कर रही है पूर्व में करण महारा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में कई विधायक नहीं पहुंच पाए थे क्योंकि उनके अपने-अपने कारण थे कुछ विधायक बीमार है तो कुछ अपने क्षेत्र में कई कार्यक्रम में व्यस्त हैं ऐसे में सभी लोग एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता ने 56 इंच के सीने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की कमान सौंपी थी पर मोदी ने पुलवामा और पठानकोट में हमले हुए कई सैनिक शहीद हुए ऐसे ही उत्तराखंड में राज्य की कानून व्यवस्था चौपट है आर्थिक नीति ध्वस्त है । प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार और घोटाला हो रहा है राज्य को लगातार कर्ज में डुबोया जा रहा है जो चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पुष्कर सिंह धामी की सरकार हवा हवाई बातें कर रही है परंतु धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कर्ज में डुबोने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा 2017 में जब भाजपा ने प्रदेश की कमान संभाली थी तो 45 हजार करोड का कर्जा था पर वर्तमान में 75 हजार करोड़ का कर्जा हो गया है और जल्दी आंकड़ा 100 हजार करोड़ को छूने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण प्रदेश कर्ज में धकेला जा रहा है प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है और इन सब चीजों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा अलग-अलग जगहों पर सांप्रदायिक दंगे भड़काने का काम कर रही है। हिंदू मुस्लिम को बांटने की कोशिश की जा रही है। जिससे एक बार फिर भाजपा देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटका कर 2024 की तैयारी कर सकें ।उन्होंने कहा कि भाजपा को राज्य और देश के विकास से नहीं चुनाव में जीत से है । जिससे के लिए वह किसी भी हद तक जा सकते हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष ऋतू खंडूरी से मिले बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से विधानसभा भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान अजेंद्र अजय ने विधानसभा अध्यक्ष को चुनरी ओढ़ाकर एवं प्रसाद भेंट कर शुभकामनाए दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने आगामी 6 मई से प्रारंभ होने वाली केदारनाथ व बदरीनाथ यात्रा की तैयारियों के संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष से वार्ता की। मंदिर समिति अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष को जानकारी देते हुए कहा कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए इस बार भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।



पिछले 2 साल से कोरोना की वजह से उत्तराखंड में चार धाम की यात्रा सुचारू रूप से चल नहीं पाई था.... इस लिहाज से राज्य सरकार से लेकर प्रशासनिक अमला चारधाम यात्रा की तैयारी में जुटा हुआ है... ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो

अगर आप सोच रहे हैं कि कोरोना की आफत खत्म हो गयी है तो ज़रा सम्हाल जाएँ .... बीते कुछ दिनों से देश भर में चौथी लहर और बच्चों पर कहर की खबर ने परिजनों की परेशानी बढ़ा दी है। देश में एक बार फिर कोरोना वायरस की आहट सुनाई देने लगी है.... बीते एक ही दिन में देश में कोविड 19 के मामलों में 90 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है... कोरोना की चपेट में बच्चें ज्यादा आ रहे हैं.... कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कई राज्य अलर्ट हैं और वहीँ दिल्ली सरकार ने राजधानी के लिए नई गाइडलाइन्स जारी की है तो वहीँ कई राज्य अलर्ट मोड़ में आ गए हैं..

भारत में कोरोना वायरस महामारी (Coronavirus pandemic) का खतरा अभी टला नहीं है। कोरोना ने एक बार फिर अपना घातक रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इस बार वो ज्यादा घातक होकर लौटा है और बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। दिल्ली-एनसीआर में पिछले एक हफ्ते में कई स्कूली बच्चों में कोरोना पाया गया है। इसके चलते कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है और फिर से ऑफलाइन क्लास शुरू हो गई हैं। बच्चों में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।





## बच्चों के लिए गाइडलाइन

स्कूल खुलने के बाद अब बच्चों के कोरोना की चपेट में आने की खबर सामने आने लगी है। सबसे बड़ी बात ये है की संक्रमण के आंकड़ों में लगातार इजाफा हो रहा है... ऐसे में जरूरी है कि बच्चों को लेकर विशेष सावधानी बरती जाएं... उन्हें मास्क अनिवार्य रूप से पहनाएं जाएं, खान पान पर भी विशेष ध्यान दिया जाए... इसके अलावा सोशल डिस्टेसिंग की भी पालन हो... अगर कोरोना का हल्का सा भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टरी सलाह ली जाए... वहीं, प्रशासन ने स्कूली बच्चों में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों से भी बच्चों जागरूक करने की अपील की है... अधिकारीयों का कहना है कि बच्चों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक करने की जरुरत है। इसके साथ साथ उन्हें इससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी देना भी ज़रूरी है। हिदायत भी दी जा रही है कि बच्चों के कक्षा में जाने से पहले यहां तक की कक्षाओं में मास्क हमेशा लगाकर रखें... नियमित रुप से हाथ धोते रहें, स्कूल सैनिटाइजर देकर ही भेजें, पढ़ाई के दौरान बिना वजह एक जगह इकट्ठा न हो। टीवी न्यूज़ वायरस अपने सभी दर्शकों से अपील करता है कि कोरोना से अभी हमको सत्रक और सावधान रहने की ज़रूरत है इसलिए अपने बच्चों को जागरूक जरूर कीजिये।

# मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी सुनिश्चित हो : सीएम

## गर्मियों मे पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए

■ एसडीआरएफ को और मजबूत किया जाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन विभाग की बैठक मे अधिकारियो को दिये निर्देश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून से पूर्व सभी आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी कर लें। सभी विभाग चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों के चिन्हीकरण शीघ्र किया जाय। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर वैकल्पिक मार्गों की भी व्यवस्था हो। यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा में सङको के क्षतिग्रस्त होने की दशा मे आवागमन की व्यवस्था शीघ्र सुचारू हों। संचार व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि आपदा के दौरान संचार व्यवस्थाएं सबसे अधिक बाधित होती हैं। संचार व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तैयारी की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि वर्षा के कारण शहरों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन तंत्र को और मजबूत बनाया जाय। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों से जिन परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी है, वह शीघ्र की जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा प्रभावितों को आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत मुआवजा राशि शीघ्र प्राप्त हो, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में पुर्ननिर्माण कार्यों के लिए धन का अभाव नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुर्ननिर्माण कार्यों को शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा जाय। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए जन सहयोग बहुत जरूरी है। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाय। आपदा के दौरान सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाय। राज्य में एस.डी.आर.एफ को और मजबूत करने के साथ ही संख्या बल में भी वृद्धि की जाय।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ग्रीष्मकाल एवं मानसून अवधि में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की काफी शिकायते आ रही हैं, इन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। ग्रीष्मकाल में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाय। वनाग्नि को रोकने के लिए जनसहयोग के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाय।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून शुरू होने से पूर्व जनपद एवं तहसील स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम पूर्ण रूप से सक्रिय हो जाएं। आवश्यक उपकरणों की पूर्ण व्यवस्था रखी जाय। यदि कोई भी आवश्यकता हो तो शासन को अवगत कराया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि मानसून अवधि में आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों एवं पर्वतीय जनपदों में खाद्यान की पूर्ण व्यवस्था हो।

# अपराधियों पर जारी है एसपी श्वेता चौबे का कहर, नशा तस्करों और साइबर ठगों पर चमोली पुलिस का हंटर






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली पुलिस की अपराधियों पर धरपकड़ और आपराधिक मामलों के तेज़ी से खुलासे का सिलसिला ज़ारी है। उत्तराखंड की धाकड़ धामी सरकार में अपराधियों पर मित्र पुलिस की सख्त कार्यवाही को पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे ने तेज़ रफ़्तार दे दी है।

प्रदेश का कोई भी जिला और क़स्बा हो आज साइबर अपराधी हर जगह अपराध करने की फ़िराक में रहते हैं। लिहाज़ा बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चमोली में गठित साइबर सेल को साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतें मिलते ही तेज़ी से खुलासा और अपराधियों की धरपकड़ का आदेश दिया गया है। इसी मकसद के साथ क्षेत्राधिकारी साइबर- नताशा सिंह के निर्देशन में में साइबर सेल बेहतरीन पोलिसिंग की नज़ीर पेश करता दिख रहा है। आमजन द्वारा साइबर ठगी का शिकार होने पर सूचना साइबर सेल को दी जा रही है, ऐसी ही एक साइबर घटना जोशीमठ चमोली के युवक के साथ हो गयी और पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया कि दिनांक 17 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल नम्बर पर कॉल कर खुद को परिचित बनकर उधार की धनराशि लौटाने के बहाने गूगल पे के माध्यम से धोखा देकर 94930 रू0 उसके खाते से निकाल लिये है।

इस शिकायत पर साइबर सेल ने तेज़ी से कार्यवाही करे हुए पीडित के खाते से निकाली गयी धनराशि का विवरण प्राप्त कर संबंधित कंपनियों से पत्राचार कर 16 घण्टों के भीतर तकनीकी सहायता से उक्त व्यक्ति के खाते में रू0 94930 वापस कराये गये। शिक़ायतकर्ता द्वारा जानकारी दी गयी कि उनके बैंक खातों में धनराशि वापस आ गयी है। पीडित व्यक्ति ने इसके बाद चमोली एसपी श्वेता चौबे और क्षेत्राधिकारी साइबर- नताशा सिंह की सराहना करते हुए चमोली पुलिस को धन्यवाद दिया है। वही एक और घटना में चमोली पुलिस को कामयाबी म लिी है और वो है नशे का कारोबार

श्वेता चौबे पुलिस अधीक्षक चमोली के निर्देशन में चमोली पुलिस लगातार नशे के तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है । जिसके लिए सभी थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। जनपद को नशामुक्त बनाये जाने के क्रम में कोतवाली चमोली पुलिस द्वारा नंदप्रयाग घाट रोड पर रात्रि चैकिंग के दौरान UK 07 Y 8800 (सेंट्रो कार) से 07 पेटी (84 बोतल) चंडीगढ़ मार्का अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। जबकि अभियुक्त मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही जा रही है.... प्रदेश की मित्र पुलिस की धमक से अपराधियों के मन में खौफ बढ़ रहा है और अपराध पर अंकुश लगता दिखाई दे रहा है जो देवभूमि के लिए एक सुखद संकेत माना जा सकता है।

# यंग इंडिया के बोल : प्रतियोगिता में भागीदारी करें उत्तराखंड के युवा : शिवा वर्मा




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

राजीव गांधी भवन में भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुणोदय सिंह परमार ने कहा कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ट नेता राहुल गांधी की मंशानुसार युवाओं की राजनीति में भागीदारी को सुनिश्चत करने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस ₹यंग इंडिया के बोल₹ भाषण प्रतियोगिता (सीजन 2) 26 मार्च 2022 को राष्ट्रीय स्तर पर लांच कर चुकी है ।

इस भाषण प्रतियोगिता को प्रदेश स्तर पर लांच करने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को प्रदेशों का प्रभार सौंपा गया है जो प्रदेश मे जाकर यंग इंडिया के बोल को प्रदेश,जोन और जिले स्तर पर लांच करेंगे और इसका क्रियान्वयन करेंगे।

अरुणोदय सिंह परमार ने कहा कि आज देश विभिन्न संकटों का सामना कर रहा है देश में महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, चौपट होते व्यापार जनजन की समस्या का कारण बन चुके हैं लेकिन सरकार सिर्फ और सिर्फ मुद्दे से भटकाने का काम कर रही है।

उत्तराखंड के युवा सोशल एक्टिविस्ट और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी अधिवक्ता शिवा वर्मा ने देवभूमि के लाखों युवाओं का आह्वान करते हुए उन्हें जगाते हुए कहा कि आज इस देश को बचाना है, अगर संविधान को बचाना है, आइडिया ऑफ इंडिया को बचाना है , तो आम परिवारों से आने वाले युवाओं को आगे आना होगा और बिना किसी भेदभाव , जाती धर्म देखे एक मंच पर एक आवाज़ बनना होगा।

उनको राजनीति में मंच देने का काम हम भारतीय युवा कांग्रेस के सिपाही कर रहे हैं पिछले वर्ष यंग इंडिया के बोल के माध्यम से कई युवाओं को राष्ट्रीय

प्रवक्ता बनने का मौका मिला था ठीक उसी प्रकार हम यंग इंडिया के बोल सीजन 2 उत्तराखंड में आज लांच कर रहे हैं

कांग्रेस लीडर शिवा वर्मा ने कहा कि अगर आप भी भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से प्रताड़ित है अगर आपको भी आज देश के मौजूदा हाल देखकर गुस्सा आता है तो आइए यंग इंडिया के बोल का फॉर्म भर कर इस भाषण प्रतियोगिता का हिस्सा बनिए और इस सरकार की पोल देशवासियों के समक्ष खोलिए और भारत को बचाने के संघर्ष का हिस्सा बनिये।

इस प्रतियोगिता के लिए आप HTML फॉर्म लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आप हमारे सोशल मीडिया हैंडल में लिंक पा सकते हैं। इस अवसर पर सोनू हसन पूर्व राष्ट्रीय संयोजक भारतीय युवा कांग्रेस ,शिवा वर्मा मीडिया प्रभारी युवा कांग्रेस ,रोबिन त्यागी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, नेहा चौहान राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा कांग्रेस ,अमनदीप सिंह बत्रा प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस, आरुषि सुंद्रियाल प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस ,प्रदीप बिष्ट प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस, मनोज हुलारा प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस,अजय धीमान जिला सचिव युवा कांग्रेस, ललित धननगर जिला सचिव युवा कांग्रेस,गौरव जसवाल प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस, किरण प्रजापति आदि मौजूद थे ।

ये है प्रतियोगिता का कार्यक्रमः-

प्रवेश की अंतिम तिथि - 31 मई।

विधानसभा/जिला प्रतियोगिता - 1 जून से 31 जुलाई तक।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता - 1 अगस्त से 20 सितंबर तक।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता/ग्रैंड फिनाले 30 सितंबर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर 2022

# कैबिनेट मंत्री ने निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखण्ड के वित्त, शहरी विकास एवं आवास विधायी एवं संसदीय कार्य, पुनर्गठन एवं जनगणना मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने नई दिल्ली में निर्माणाधीन भवन 'उत्तराखण्ड निवास' का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य, गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय की गई समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। कैबिनट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने द्वारा उत्तराखण्ड निवास के नक्शे को देखते हुए भवन के सभी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा निर्माणाधीन भवन में गाडियों की पार्किंग व्यवस्था की भी जानकारी ली गई।

आपको बता दें कि 3, गोपीनाथ बारदोलाई मार्ग, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में जून 2020 से उत्तराखण्ड निवास का काम शुरू किया गया। भवन में तीन बेसमेन्ट होंगे। भवन में भू-तल को सम्मिलित करते हुए कुल सात तल बनाए जाएंगे। भवन उत्तराखण्ड वास्तुकला शैली में बनाया जायेगा। ग्रीन भवन की तर्ज पर बनाए जा रहे इस भवन का अपना सीवेज सोधन संयत्र होगा। भवन में 50 किलो वाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट भी है। उत्तराखण्ड निवास का निर्माण कार्य संभावित 2023 तक पूरा कर लिया जायेगा।

इस अवसर पर स्थानिक आयुक्त डॉ0 वी0वी0आर0सी0 पुरूषोत्तम व उत्तराखण्ड पेयजल निगम के सहायक अभियन्ता अरविन्द सैनी उपस्थित थे।

# विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2022 के पांचवे दिन की शुरुआत 'विरासत साधना' कार्यक्रम के साथ हुआ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2022 के पांचवे दिन की शुरुआत 'विरासत साधना' कार्यक्रम के साथ हुआ। विरासत साधना कार्यक्रम के अंतर्गत देहरादून के10 स्कूलों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुल 18 बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत, गायन और नृत्य पर अपनी प्रस्तुति दी। विरासत अपने इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ना और भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास कर रहा है। विरासत साधना कार्यक्रम मे छात्रों ने नौ नृत्य किए जिनमें भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी शामिल थे,छह स्वर गायन-राग यमन, राग भोपाली, राग प्रयाग और तीन वाद्य - सितार, हारमोनियम, वायलिन, तबला पर प्रस्तुतियां दी। विरासत साधना में प्रतिभाग करने वाले स्कूलों में कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी, मधुकर कला मंच, श्री राम सेंटेनियल, केंद्रीय विद्यालय अपर कैंप, केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी, सेंट थॉमस कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी, केंद्रीय विद्यालय आईआईपी, द एशियन स्कूल, जसवंत मॉडर्न स्कूल, द टॉसब्रिज स्कूल ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुश्री कल्पना शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।



सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ एवं नवोदय कला विकास समिति द्वारा भूपिंदर प्रसाद भट्ट जी के टीम ने उत्तराखंड का सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। भूपिंदर प्रसाद भट्ट जी का मानना है कि उत्तराखंड लोक नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत का दर्पण है। यह लोक संगीत के साथ-साथ दुनिया भर में किसी भी संस्कृति की खुशी, उत्सव और आनंद के संचार करने का सबसे पुराने रूपों में से एक है। नवोदय कला विकास समिति द्वारा कार्यक्रम में गढ़ वंदना,त्रीयुगी नारायण , धरिया चैफला, हिलमा चादनी को बटना, वही इंदू भट्ट ने में घास कटेलू जैसे गाने पर प्रस्तुतियां दी गई।

वही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्य प्रस्तुतियों में देश की प्रथम महिला संतूर वादक श्रुति अधिकारी और उनके बैंड "पंचनाद" द्वारा दिया गया। श्रुति अधिकारी ने एक समूह 'पंच नाद' बनाया है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से केवल महिला शास्त्रीय संगीतकार शामिल हैं। पंच नाद बैंड में भोपाल की श्रुति अधिकारी, दिल्ली की परोमिता मुखर्जी, इंदौर की स्मिता वाजपेयी, इंदौर की संगीता अग्निहोत्री और इंदौर की ही रचना शर्मा जैसे कलाकारों का अद्भुत मिश्रण है। कार्यक्रम में सितार पर स्मिता वाजपेई, तबला पर संगीता अग्निहोत्री एवं पखवज पर महिमा उपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति दी।

पंचनाद पंच तत्व को दर्शाता है और इसमें केवन पारंपरिक ध्वनिक यंत्र है वे राग कोटवानी से अपनी प्रस्तुति शुरू कि एवं इसमें उन्होंने आलाप शामिल किया और फिर तीन ताल में दो रचनाएँ पर भी प्रस्तुती दी।

कार्यक्रम में संगीता चटर्जी द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संगीता चटर्जी लखनऊ कथक घराने के संबध रखती है और उन्होंने गुरु श्रीमती वासवती मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में नृत्य सीखा है एव राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। संगीता चटर्जी ने ताइवान महोत्सव मे भी अपनी प्रस्तुति दी है और भारत के राष्ट्रपति भवन में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। उनको अपने कार्य के लिए, श्रृंगार मणि और जयदेव सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। वर्तमान में, संगीता कल्पतरु कला के कलात्मक निदेशक के रूप में कार्य करती हैं, और द पिंक लोटस एकेडेमिया में कथक संकाय हैं


इस 15 दिवसीय महोत्सव में भारत के विभिन्न प्रांत से आए हुए संस्थाओं द्वारा स्टॉल भी लगाया गया है जहां पर आप भारत की विविधताओं का आनंद ले सकते हैं। मुख्य रूप से जो स्टाल लगाए गए हैं उनमें भारत के विभिन्न प्रकार के व्यंजन, हथकरघा एवं हस्तशिल्प के स्टॉल, अफगानी ड्राइ फ्रूट, पारंपरिक क्रोकरी, भारतीय वुडन क्राफ्ट एवं नागालैंड के बंबू क्राफ्ट के साथ अन्य स्टॉल भी हैं। रीच की स्थापना 1995 में देहरादून में हुई थी, तबसे रीच देहरादून में विरासत महोत्सव का आयोजन करते आ रहा है। उदेश बस यही है कि भारत की कला, संस्कृति और विरासत के मूल्यों को बचा के रखा जाए और इन सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। विरासत महोत्सव कई ग्रामीण कलाओं को पुनर्जीवित करने में सहायक रहा है जो दर्शकों के कमी के कारण विलुप्त होने के कगार पर था। विरासत हमारे गांव की परंपरा, संगीत, नृत्य, शिल्प, पेंटिंग, मूर्तिकला, रंगमंच, कहानी सुनाना, पारंपरिक व्यंजन, आदि को सहेजने एवं आधुनिक जमाने के चलन में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इन्हीं वजह से हमारी शास्त्रीय और समकालीन कलाओं को पुण: पहचाना जाने लगा है विरासत 2022 आपको मंत्रमुग्ध करने और एक अविस्मरणीय संगीत और सांस्कृतिक यात्रा पर फिर से ले जाने का वादा करता है।


अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- विकास कुमार - 80 5740 9636


## धामी सरकार ने देर रात ब्यूरोक्रेसी में ताबड़तोड़ तबादले कर सबको हैरान कर दिया


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हालांकि उम्मीद जताई जा रही थी कि 2022 चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के साथ ही उत्तराखंड की नौकरशाही में अभूतपूर्व तबादले और दायित्वों में फेरबदल किए जाएंगे। कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाएगा , कुछ को हल्का तो कुछ को भारी किया जाएगा। मंगलवार देर रात जब मुख्यमंत्री के दफ्तर से तबादले की सूची मीडिया के हाथों तक पहुंची तो उम्मीद के मुताबिक 10 या 15 नहीं बल्कि 22 आईएएस अधिकारियों के दायित्व में बदलाव कर धामी सरकार ने साफ संदेश दे दिया है कि अब वह अपनी सरकार के शासन और योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए रिजल्ट ओरिएंटेड अधिकारियों और पारदर्शी काम के एक्सपर्ट अधिकारियों की टीम तैयार कर रहे है । जिससे उत्तराखंड में जीरो टोलरेंस के साथ-साथ विकल्प रहित संकल्प के लक्ष्य को साकार किया जा सके। इसलिए देखना होगा आने वाले दिनों में तबादलों की लिस्ट अभी और कितनी लंबी होगी और लंबे समय से कुर्सी पर जमें कुछ खास अधिकारियों पर कब सरकार की नजर जाएगी।










## बिरयानी की कहानी : आखिर लाल रंग के ही कपड़े से क्यों ढंकी जाती है बिरयानी की हांड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बिरयानी एक ऐसा फ़ूड आइटम है जिसके बारे में सोचकर ही मुंह में पानी आ जाता है.... कई तरह की बिरयानी के बारे में आपने सुना होगा, कई जायकों को आपने टेस्ट भी किया होगा... लेकिन हर बिरयानी में एक कॉमन बात होती है... वो ये कि बिरयानी की हांडियां लाल कपड़े से बंधी होती हैं... जी हां, क्या अपने आजतक इस बात को नोटिस किया था कि चाहे सड़क पर बिक रही बिरयानी हो या किसी महंगे रेस्त्रां में बिरयानी काउंटर, हर जगह इसकी हांडी पर लाल कपड़ा बंधा होता है... ऐसा क्यों है ?

ये रोचक सवाल न्यूज़ वायरस टीम के मन में आया तो हमने इसकी पड़ताल की और इसके पीछे के इतिहास को खंगाला .... बिरयानी की हांडियों में लाल कपड़ा बांधे जाने के इस रहस्य के बारे में शायद ही कोई जानता होगा... इसीलिए हमारी खबर रोचक भी है और ज्ञानवर्धक भी है ... इसके पीछे एक ख़ास कारण है... इसी यूनिक वजह से हांडियों को लाल कपड़े में बांधा जाता है... . तो आइये आज हम इस रहस्य से पर्दा उठा ही देते हैं कि आखिर क्यों बिरयानी की हांडियों को लाल कपड़े से बांधा जाता है ?





**विदेश से आई है दम बिरयानी –**


जिस लज़ीज़ बिरयानी को भारत में हर कोई चाव से खाता है, वो बिरयानी दरअसल, एक विदेशी डिश है... इसे वाजेद अली शाह अपने साथ सबसे पहले कोलकाता लेकर आए थे... इसके बाद पुरे देश ने इस डिश को अपना लिया... बिरयानी के कई प्रकार होते हैं... चिकन, मटन से लेकर अंडे तक की बिरयानी बनाई जाती है.... शाकाहारी लोगों के लिए वेज, आलू या पनीर की बिरयानी बनाई जाती है... लेकिन चाहे किसी भी फ्लेवर की बिरयानी हो, उसकी हांडी लाल कपड़े में बांधी जाती है....



**लाल रंग का ये है रहस्य –**

दरअसल बिरयानी के साथ जुड़ा ये रहस्य सालों पुराना है... कहा जाता है कि सम्राट हुमायूं के किचन में दरबारी रिवाज होता था... इस रिवाज के मुताबिक, खाना रखने के सारे बर्तनों को लाल कपड़े में ढंका जाता था... हुमायूं के बाद इस रिवाज को मुगलों ने आगे बढ़ाया.... लखनऊ के नवाबों ने भी खाने के बर्तनों को लाल कपड़े में ढंकने का रिवाज अपनाया... तब से ये प्रथा चलती आई और अभी भी बिरयानी की हंडियां लाल कपड़े में ही ढंकी जाती हैं... हालांकि, एक तबके का मानना है कि लाल रंग लोगों का ध्यान आकर्षित करता है... इसी वजह से दुकानदार हांडियों पर लाल कपड़ा बांधते हैं.. ताकि ग्राहक की नजर उनकी हांडी पर आसानी से पड़ जाए...

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच आप रोज़ाना खाएं ये 5 Immunity बढ़ाने वाले फूड






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हालिया खबरों की मानें तो जल्द ही कोरोना की चौथी लहर आने की आशंका है.... समय ऐसा आ गया है कि ना कोरोना के वैरिएंट्स याद रखे जाते हैं और ना ही दिन-ब-दिन बढ़ते मामले (Corona Cases)..... व्यक्ति इन हालातों में सिर्फ एक काम कर सकता है और वो है खुद को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित रखना, मास्क पहनना, दूरी बनाकर रखना, प्रोपर सैनिटाइजेशन और अपनी इम्यूनिटी (Immunity) पर ध्यान देना.... जितनी अच्छी आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी उतना ही आप कोरोनावायरस से बचे रहेंगे....

**अंडे | Eggs :** अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करना इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अच्छा है. आप अपने सुबह शाम के खाने में प्रोटीन से भरपूर चीजें खा सकते हैं. अंडे, दाल, दूध, पनीर, मेवे आदि प्रोटीन के अच्छे स्त्रोत हैं.

**पालक | Spinach :**

विटामिन सी से भरपूर होने के साथ ही पालक में एंटीऑक्सीडेंट्स और बीटा केरोटीन की अच्छी मात्रा होती है जो शरीर के इम्यूनिटी सिस्टम को इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं. इतना ही नहीं, पालक में आयरन भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है.

**दही | Curd :**

सादा दही शरीर के लिए बेहद लाभकारी होता है. इसमें मौजूद विटामिन डी शरीर के इम्यूनिटी सिस्टम (Immunity System) को रेगुलेट करने के साथ ही शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति को कही ज्यादा बढ़ाता भी है. इसे गर्मी के मौसम में चाव से खाया जा सकता है....

**संतरा | Orange :**

विटामिन सी से भरपूर रसभरा ये फल रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए जाना जाता है. ये इम्यूनिटी सिस्टम को बेहतर करता है. साथ ही, वाइट ब्लड सेल्स को बनाने और रोगों से लड़ने में भी असरदार है.


# स्पा मसाजर लड़की को दोस्त ने दी दर्दनाक मौत, दो महीने बंद रहा शव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राजधानी देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल को एक लॉज से 31 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी मच गई थी.... खूबसूरत एक लड़की का वो चेहरा और जिस्म बुरी तरह से सड़ चुका था...

इस मामले की जांच जब उत्तराखंड पुलिस ने की तो इसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है... स्पा मसाज कर ज़िंदगी गुज़ारने वाली इस युवती की हत्या उसके ही अपने आशिक ने की थी.... देहरादून पुलिस का कहना है कि मृतक महिला रिफैन बीबी की हत्या हुई थी और हत्या उसके प्रेमी अजरूल अली ने की थी... वह दो महीने पहले हत्या कर महिला के शव को गेस्ट





हाउस के अन्दर बेड में छुपा कर फरार हो गया था... पुलिस ने जब आरोपी अजरूल की तलाश की तो पता चला कि उसने देहरादून से जाने के बाद सुसाइड कर लिया था...

इस पुरे हैरान कर देने वाले हत्याकांड की कहानी भी फ़िल्मी कहानी से कम नहीं है। दरअसल, गुरुवार की रात थाना राजपुर को एक सुचना मिली कि कपूर गेस्ट हाउस के एक कमरे से बदबू आ रही है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कमरा खुलवाया तो वहां भारी दुर्गंध थी... इसके बाद पुलिस ने कमरे में रखे एक बेड के अंडर देखा तो वहां एक सड़ा गला शव मिला... इसको लेकर जब पूछताछ की गई तो पता चला कि शव 31 वर्षीय महिला रिफैन बीबी का है जो पश्चिम बंगाल की रहने वाली है....




**देहरदून के स्पा में काम करती थी महिला**

बताया गया कि वह देहरादून मसूरी में अलग अलग स्पा में काम करती रही है और वह अपने पति के साथ किराये पर रहती थी... जिसके बाद पुलिस ने महिला के पति की तलाश शुरू की... पुलिस ने महिला के परिजनों के साथ युवक के परिजनों से सम्पर्क किया तो पुलिस को चौंकाने वाले तथ्य सामने आये... बताया गया कि जिस व्यक्ति के साथ महिला रहती थी वो उसका पति नहीं बल्कि उसका प्रेमी था....

**महिला प्रेमी की हत्या के बाद आशिक ने भी की खुदकुशी**

इस जानकारी के सामने आने के बाद पुलिस ने उसके प्रेमी अजरूल की तलाश की तो पता चला कि जिसे पुलिस आरोपी समझ रही थी... उसने भी आत्महत्या कर ली है... वहीं मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम विशाखा का कहना है कि मामले में पुलिस जिसे सस्पेक्ट बनाकर चल रही थी वो अजरूल था, लेकिन अब अजरूल ने भी सुसाइड कर लिया है.... फिलहाल पुलिस ने तेज़ी से इस सनसनीखेज मर्डर मिस्त्री को सुलझा कर मामले का खुलासा ज़रूर कर दिया है।

# चार धाम यात्रा से पहले देहरादून में टैक्सी हड़ताल की स्थिति न पैदा हो : धस्माना

- रेलवे स्टेशन पर लगे टैक्सी यूनियन के बूथ संचालन पर रेलवे ने लगाया अड़ंगा
- 2015 के समझौते को नहीं मान रहा रेलवे विभाग,आज रेलवे स्टेशन अधीक्षक से मिले सूर्यकांत धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून के रेलवे स्टेशन पर रोडवेज के हिल डिपो के साथ पिछले पचास वर्षों से संचालित दून टैक्सी यूनियन के साथ रेलवे विभाग अन्याय कर रहा है जिसे यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी और अगर 27 जुलाई 2015 के समझौते का अनुपालन नहीं किया गया तो मजबूर हो कर टैक्सी यूनियन को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा

यह बात आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व दून टैक्सी यूनियन के संरक्षक सूर्यकांत धस्माना ने देहरादून रेलवे स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा से टैक्सी यूनियन की वार्ता के दौरान कही गयी। कांग्रेस नेता धस्माना के साथ आज दून टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में देहरादून रेलवे स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा से मिले व उनसे वार्ता कर ज्ञापन सौंप कर उनसे 27 जुलाई 2015 को रेलवे,जिला प्रशासन देहरादून व टैक्सी यूनियन के मध्य टैक्सी खड़ी करने के बाबत हुए समझौते को लागू करने की मांग की।

स्टेशन अधीक्षक से दून टैक्सी यूनियन के संरक्षक सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि 2015 में जब पचास वर्षों से चले आ रहे टैक्सी स्टैंड को खाली करवाने पर सहमति बनी तब रेलवे विभाग ने देहरादून जिला प्रशासन की मध्यस्थता में टैक्सी यूनियन से जो समझौता किया वह आज भी जीवित है, उन्होंने कहा कि 2020 में कोविड के कारण जब रेल बंद हुई और पार्किंग पर बने बूथ जिससे टैक्सी संचालन किया जाता था उसे कोविड टैस्ट में इस्तेमाल किया जाने लगा तब से टैक्सी संचालन अस्थायी रूप से वहां से रोक दिया गया था

किंतु अब जबकि सभी गतिविधियों सामान्य हो गई हैं तो 2015 के समझौते के अनुसार रेलवे स्टेशन पर स्थापित बूथ से पांच टैक्सियों के संचालन के समझौते को जारी रखना चाहिए किंतु रेलवे अब उस समझौता को ही नहीं मान रहा और पूरी पार्किंग व टैक्सी संचालन को टेंडर प्रक्रिया में डाल कर निजी हाथों में देने की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश में चार धाम यात्रा की तैयारी जो चंद दिनों में शुरू होगी उसकी तैयारी राज्य सरकार कर रही है और दूसरी तरफ रेलवे विभाग चार धाम यात्रा में महत्वपूर्ण टैक्सी सेवा देने वालों के साथ घोर अन्याय कर उनको हड़ताल करने व आंदोलन करने पर मजबूर कर रहा है। इस संबंध में एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा को सौंपा गया है ।

स्टेशन अधीक्षक शर्मा ने यूनियन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे उनकी भावनाओं व उनके विषय के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा कर उचित कार्यवाही के लिए आग्रह करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में दून टैक्सी यूनियन के प्रधान राजेन्द्र आनंद, सुनील लूथरा सचिव, खलीक अहमद उपाध्यक्ष,मुकेश कुमार कोषाध्यक्ष,अजय आनंद ,सुधीर आनंद,वीरेंद्र दत्त बहुगुणा,विजय स्नेही,राजेंद्र भंडारी आदि बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य शामिल रहे।



## संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवा में सुधार

उन्होंने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य क्षेत्र की सभी योजनाएं लागू की गयी हैं. हालांकि आवंटन बढ़ने और ठीक से योजनाओं को लागू करने से स्थिति में सुधार है, लेकिन अभी भी भारत उन देशों की श्रेणी में हैं, जहां स्वास्थ्य सेवा में सार्वजनिक खर्च का अनुपात बहुत ही मामूली है. हमारे देश में यह सकल घरेलू उत्पादन का लगभग डेढ़ प्रतिशत है, जिसे आगामी कुछ वर्षों में 2.5 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है. सरकारी खर्च कम होने से इलाज का बोझ लोगों की जेब पर पड़ता है. अध्ययन बताते हैं कि हर साल लाखों लोग अस्पतालों के खर्च की वजह से गरीबी की चपेट में आ जाते हैं. इस स्थिति में आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधानमंत्री जन औषधि योजना से करोड़ों लोगों को राहत मिली है. हर साल लाखों गरीब लोगों की गंभीर बीमारियों का मुफ्त उपचार हो रहा है तथा सभी वर्गों को सस्ती दवाइयां सुलभ हो रही हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया है कि इस प्रकार लोग करोड़ों रुपये की बचत कर पा रहे हैं. महामारी के अनुभव से हमें सीख मिली है कि पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर और संसाधन मुहैया कराये जाने चाहिए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े. इस दिशा में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर योजना तथा स्वास्थ्य केंद्र खोलने की योजना महत्वपूर्ण प्रयास हैं. जिला और प्रखंड स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलने से लोगों को बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा. भारत समेत समूची दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है. कोरोना काल में इसने अपनी उपयोगिता को प्रभावी ढंग से सिद्ध भी किया है. भारत सरकार ने आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत की है. इसके तहत मरीजों को अतिरिक्त सुविधाएं मिल सकेंगी और डिजिटल डाटा होने से दूर-दराज के इलाकों, गांवों और कस्बों के लोग भी महानगरों के विशेषज्ञों की सलाह का लाभ उठा सकेंगे. स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी है. इसमें सुधार के लिए वर्तमान मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने और नये चिकित्सा संस्थान स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है. हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य है. इससे जल्दी ही हमें समुचित संख्या में चिकित्सक मिलने लगेंगे. पर, जैसा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, हमें स्वस्थ रहने पर ध्यान देना चाहिए ताकि अस्पताल जाने की नौबत ही न आये.

# कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा अपने निजी दौरे पर मसूरी पहुंचे, कई मुद्दों पर की बात

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा अपने निजी दौरे पर मसूरी पहुंचे जहां पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मसूरी के विकास को लेकर भाजपा मंडल से चर्चा की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए सौरभ बहुगुणा ने भाजपा के शीर्ष और राज्य नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उन पर विश्वास कर कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जिसकी उनके दादा जी द्वारा अविभाजित उत्तर प्रदेश की सेवा करी वही उनके पिताजी ने मुख्यमंत्री बन की सेवा करें और आज वह कैबिनेट मंत्री बनकर प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभायेगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 100 दिन का डॉक्यूमेंट विजन दिया गया है जिसके लेकर सभी मंत्री अपने स्तर से तैयारी कर रहे हैं और उनके द्वारा अपने विभागों की चार समीक्षा बैठक की जा चुकी है। पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन ,और कौशल विकास और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए जिसका मुख्यमंत्री के साथ चर्चा कर लागू किया जायेगा।






कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि कौशल विभाग में रोजगार की अपार संभावना है जिससे कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के साथ मातृशक्ति को भी सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी नीति है कि कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है जिससे कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि कोशल विभाग के माध्यत से पिछले दिनों 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध होटल अरौर रेस्टोरेंट इंडण्सट्री कराती है जिसको लेकर उन्होंने उत्तराखंड होटल एसोसिएशन की बैठक बुलाई और कौशल विकास से प्रशिक्षित हुए युवाओं की लिस्ट देकर उनसे युवाओं को रोजगार देने का आग्रह कियां उन्होने कहा कि उनको पूरी उम्मीइ है कि जल्द 3 से 4 हजार युवाओं को जल्द नौकरी मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा उत्तरा फिश, हिमालयन गोट और आंचल दूध की मार्केटिंग टीम को बुलाया गया था और जिसे उन्होंने साफ कहा कि तीनों विभागों की मार्केटिंग को लेकर वह संतुष्ट नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्केटिंग की स्टाइल को बदला जाए और सभी निर्मित उत्पादों को लोगों तक पहुंचाया जाए उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही ना बरतें और आने वाले 6 महीने में अच्छे रिजल्ट देने के निर्देश दिये है।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मंत्री पद का कार्यभार संभालते ही उनके द्वारा 4 चीनी मिलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है परंतु प्रदेश की सभी चीनी मिल पुरानी टेक्नोलॉजी पर काम कर रही है जो एक बड़ी समस्या है। मशीनें बहुत पुरानी हो चुकी है ऐसे में उनके द्वारा मुख्यमंत्री से पांचों चीनी मिलों के लिए करीब 450 करोड़ रुपए की मदद मांगी गई है जिससे कि प्रदेंश की पाचो चीनी मिलो को अपग्रेड किया जा सके और नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा कहा जा रहा है कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा कर्जा लिया गया है जबकि 2012 से 17 तक कांग्रेस की सरकार थी जिसमें सबसे ज्यादा लोन लिया गया उन्होंने कहा कि लोन लेना सरकार की एक प्रक्रिया है अगर प्रदेश के विकास के साथ आगे बढ़ना है तो लोन लेना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ही लोन नहीं ले रहा है देश के कई राज्य लोन ले कर प्रदेश को चला रहे हैं क्योंकि यह एक सरकारी प्रक्रिया है जो हमेशा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि किस तरीके से राज्य सरकार को आत्मनिर्भर बना सके इसको लेकर नई नई तकनीक और आय से सोत्र ढूंढने पड़ेंगे ताकि हमें बैंकों पर निर्भर ना रहे।

# मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन मसूरी में पालिका द्वारा सिटी बस को जल्द संचालित करने को लेकर दिया ज्ञापन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा मसूरी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी यूडी तिवारी को ज्ञापन देकर नगर पालिका द्वारा जल्द सिटी बस सर्विस का संचालन करने की मांग की है वह मांग ना पूरी होने पर धरना व विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका द्वारा पचास लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर 2 सिटी बसों को खरीदा गया था व पूर्व में संचालन भी किया गया था ।परंतु बहुत ही दुखद है कि लाखों की लागत से खरीदी की एक बस लाइब्रेरी किनक्रेग रोड पर पिछले 3 साल से खडी है वही दूसरी ओर, एक बस का पिछले दिनों संचालन रोक दिया गया है जिसके कारण मसूरी झड़ीपानी, बार्लोगंज, इंदिरा कॉलोनी, शिव कॉलोनी, हैप्पी वेली, हाथी पांव आदि की जनता को शहर में आने जाने हेतु बहुत अधिक कठिनाई हो रही है। खासकर स्कूलीं बच्चो और आफिस जाने वाले लोगो को परन्तु दुर्भाग्यबश नगर पालिका के



अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दे रहे है। नगर पालिका द्वारा करीब 50 लाख रुपय खर्च करके ये दो बस खरीदी थी, इन बसों को उपयोग में ना आना जनता के पैसों का दुरुपयोग है व जनता के साथ नाइंसाफ़ी है । उन्होने कहाकि अगर जल्द पालिका प्रशासन द्वारा सिटी बस को संचालन 15 दिनों के भीतर शुरू नह किया जाता तो 5 मई को मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य और मसूरी की जनता के साथ बार्लोगंज, सैंट जॉर्ज कॉलेज के गेट के सामने, विरोध प्रदर्शन व धरना देंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी। इस मौके पर मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन महामंत्री जगजीत कुकरेजा और कोषाध्यक्ष नागेन्द्र उनियाल मौजूद थे।

# देहरादून ने जीता स्मार्ट सिटी इंडिया अवॉर्ड - CEO डॉ आर राजेश कुमार के स्मार्ट मैनेजमेंट को शानदार उपलब्धि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड सरकार में सीनियर आईएएस और राजधानी देहरादून जैसे बेहद अहम जिले की कमान सम्हाल रहे डीएम डॉ. आर राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। आपको बता दें कि डीएम दून के पास ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सी ई ओ की दोहरी और बड़ी जिम्मेदारी भी है , जिसमें उनकी एक्सपर्ट टीम लगातार बेहतरीन नतीजे दे रही है जिसकी वजह से आज उत्तराखंड के दून स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को इतनी बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।



गुजरात के सूरत में Smart Urbanization Conference आयोजित किया गया, जिसमें देहरादून स्मार्ट सिटी लि0 को वॉटर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत वेहतरीन कार्यो के लिए इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड 2020 के तहत वॉटर अवॉर्ड श्रेणी मे और सिटी अवॉर्ड श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सूरत, गुजरात में आयोजित Smart Urbanization Conference में निम्न जनप्रतिनिधी, अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहें।

1. हरदीप पूरी, मंत्री, शहरी एवं आवासन मंत्रालय, भारत सरकार। 2. कौशल किशोर, संट्रेल मिनिस्टर, हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर, गुजरात। 3. हार्दिक पूरी, रेल मंत्री, गुजरात4. दर्शना ददोतश्री, मंत्री, गुजरात। 5. हेमा, मेयर, सूरत गुजरात। 6. कौशिक किशोर, केन्द्रीय मंत्रीमण्डल, गुजरात। 7. अरविन्द बुरारी, मंत्री, हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर, गुजरात। 8. कुनाल कुमार, ज्वइंट सेक्ट्रीरी, (स्मार्ट सिटी मिशन), भारत सरकार। 9. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सूरत स्मार्ट सिटी लि0, गुजरात। इसके अतिरिक्त देहरादून स्मार्ट सिटी लि0 के अधिकारी उपस्थित रहें, हरदीप पूरी, मंत्री, शहरी एवं आवासन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह अवॉर्ड दिया गया, देहरादून स्मार्ट सिटी के निम्न अधिकारियों द्वारा अवॉर्ड लिया।

1. श्री कृष्ण पल्लव चमोला, सहायक माहप्रबन्धक, (वॉटर वर्कस), देहरादून स्मार्ट सिटी लि0। 2. प्रेरणा ध्यानी, पी0आर0ओ0, देहरादून स्मार्ट सिटी लि0। देहरादून स्मार्ट सिटी लि0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/जिलाधिकारी देहरादून डॉ आर0 राजेश कुमार ने कहा कि देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा वॉटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत पेयजल परियोजनाओं के सभी क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा की देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि शहर की जनता को साफ एवं स्वच्छ जल मुहैया करवाया जाएं।

देहरादून स्मार्ट सिटी लि0 के जलापूर्ति परियोजनाओं में निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल है।

पेयजल स्काडा परियोजनाः-

देहरदून स्मार्ट सिटी परियोजना के अर्न्तगत देहरादून शहर में जल की पूर्ति हेतु पंपिंग एक्यूरेसी बढ़ाने के लिए एस्को मॉडल लागू किया जा रहा है। इस मॉडल का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे पंपिंग में होने वाली ऊर्जा खपत में बहुत अधिक बचत होती है । दस वर्षों में पैंतीस करोड़ रुपयों की ऊर्जा बचत के साथ-साथ अतिरिक्त संभावित ऊर्जा बचत के अंश के रूप में तेरह करोड़ लागत की बचत अर्थात् कुल 48 करोड़ रुपयों की ऊर्जा बचत इस मॉडल के आधार पर अनुमानित है। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए ओवरहेड टैंकों एवं अन्य स्टोरेज टैंकों में आधुनिक सेंसर लगाये जा रहे है जिससे प्रति दिन 1.75 मिलियन लीटर पानी की बचत अनुमानित है। देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड जलसंस्थान द्वारा अनुरक्षित 206 नलकूप एवं 06 पंपिग स्टेशन को पूर्ण रूप से स्वचालित करने व लगभग 70 उच्च जलाशयों से स्वचालित जलापूर्ति की योजना पर कार्य किया जा रहा है जिसके लिए स्वचालित स्काडा प्रणाली के माध्यम से एकीकृत कन्ट्रोल रूम से अनुश्रवण, संचालन व नियंत्रण किया जा सकेगा ।पेयजल संवर्धन परियोजनाः-पेयजल की गुणवत्ता व वितरण में सुधार लाने के लिए पेयजल संवर्धन परियोजना के अन्तर्गत अन्तर्गत शहर के ए0बी0डी0 एरिया में 50 वर्ष पुरानी लाइन को बदला जा रहा है। वितरण प्रणली को पूर्ण रूप से बिछाये जाने के बाद उक्त में से कुल 6245 उपभोक्ताओं को पानी का कनेक्शन दिया जाएगा एवं सभी कनेक्शनों पर वॉटर मीटर लगाये जाएंगे साथ ही अग्निशमन कार्यो हेतु अलग से फायर हाइड्रेन्ट देने का भी प्रावधान किया गया है ताकि भविष्य में पुरानी वितरण प्राणाली से होने वाले जलक्षय व बार-बार लीकेज के कारण होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल सके।

वॉटर ए0टी0एम0 परियोजनाः-

स्मार्ट सिटी प्लान के अन्तर्गत देहरादून शहर में 24 स्थानों पर वाटर ए0टी0एम लगाए जाने है। इसके अन्तर्गत कम मूल्य में शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध कराया जाना है। यह परियोजना पी0पी0पी0 मोड पर संचालित की जा रही है, एवं सार्वजनिक स्थानों पर आर0ओ0 वाटर की सुविधा निम्न विवरण एवं सुविधाओं के आधार पर की जा रही है । कम पानी की लागतऽ
300 मिली लीटर- बिना गिलास, 1.00 रूपयेऽ गिलास के साथ 300 मिली लीटर 2.00 रूपयेऽ 1 लीटर बिना बोतल 3.00 रूपयेऽ 5 लीटर बिना बोतल 14.00 रूपये

स्मार्ट वाटर मीटर परियोजनाः-

इस परियोजना के अन्तर्गत 6245 पेयजल कनेक्शनों पर स्मार्ट वॉटर मीटर लगाए जाएंगे। ये मीटर ऑटोमेटिक मीटर रिकॉडिंग की तकनीक से युक्त होंगे। इनकी मीटर रीडिंग लेने के लिए मीटर रीडर को उपभोक्ता की प्रोपर्टी के अन्दर नहीं जाना पडेग़ा, बल्कि 50 से 100 मीटर की दूरी से ही मीटर रीडर के गुजरने मात्र से ही उसके रिमोट मीटर रीडिंग यंत्र में रीडिंग रिकॉर्ड हो जाएगी। इस यंत्र को जल संस्थान सेन्ट्रल कमाण्ड के कम्प्यूटर में उपलब्ध उपभोक्ताओं के डाटाबेस से एक सॉफ्टवेयर द्वारा ऑटोमेटिक बिल जनरेट हो जाएगा। इसके पानी के बिल उपभोक्ताओं तक एसएमएस या मेल के माध्यम से भेजे जा सकने कि सुविधा होगी और ऑनलाइन पेमेंट की भी सुविधा दी जाएगी। इससे जहाँ एक ओर आवश्यकता से अधिक पानी का उपयोग करने की प्रवृति पर अंकुश लग सकेगा वहीं पानी को कम प्रयोग करने वाले उपभोक्ता को लाभ होगा, क्योंकि उपयोग किये गये जल की मात्रा का ही भुगतान उन्हें करना होगा।

# जब टीडीसी, घाटे से उबर जाय तब स्वीकार करूंगा गुलदस्ते : कृषि मंत्री



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ पहली समीक्षा बैठक में बरसे कृषि मंत्री, अधिकारियों को कहा, तौर-तरीके बदलिए, आपका मंत्री फ़ौजी तरीके से करता है काम

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंडी परिषद सभागार रुद्रपुर में जनपद उधम सिंह नगर के सभी मंडी समिति अध्यक्ष एवं सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान मंडी परिषद तथा तराई बीज निगम से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान कर्मचारियों अधिकारियों, की कार्यशैली से मंत्री नाखुश दिखाई दिए। उन्होंने अधिकारियों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा की विभागीय कार्यशैली को हमारे अन्नदाता किसानों के लिए ज्यादा जवाबदेह बनाएं। याद रखें कि आपका मंत्री एक फ़ौजी भी है, और मेरी कार्य करने की शैली थोड़ा अलग है।

उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि मंडी की आय कम हो रही है, जबकि मंडी से जाने वाले उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। अगर बड़े बड़े प्राइवेट प्लेयर फलों, सब्जियों तथा खाद्यान्नों से जुड़े उत्पादों में मुनाफा कमा सकते हैं, तो आपको लीक से हटकर सोचना पड़ेगा, हर चीज पर सिर्फ सरकार का मुंह देखने के बजाय थोड़ा खुद को बाजार के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मंडी की निर्माण इकाई की कार्यशैली में ज्यादा पारदर्शिता लाई जाए। कोल्ड स्टोर और स्टोरेज बढ़ाकर सब्जियों और फलों को बेमौसम में उपलब्ध करवाया जाए। यह भी देखे जाने की आवश्यकता है कि कोल्ड स्टोर कितना इफेक्टिवली काम कर रहे हैं। पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर हम क्यों नहीं अपने फल और सब्जियों के अतिरिक्त उत्पादन को बेमौसम के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को सस्ते कृषि उत्पाद भी मिलेंगे और किसानों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने मंडी समितियों के परिसरों में व्याप्त गंदगी को भी तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में आवश्यकता अनुरूप पर्याप्त शौचालय बनाए जाएं तथा उनकी सफाई एवं नालों की सफाई, तथा मंडी के अवशेष से खाद बनाने के लिए कंपोस्ट पिट तैयार रखे जाएं।

टी डी सी के अधिकारियों ने जब मंत्री का स्वागत करने के लिए उन्हें फूलों के गुलदस्ते देने चाहे, तो कृषि मंत्री ने साफ-साफ कहा कि जब टीडीसी मुनाफा कमाया लगेगी तभी वह गुलदस्ते स्वीकार करेंगे। मंत्री ने कहा कि बीज खरीद की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए टीडीसी के डायरेक्टर को सीधे प्रतिदिन की दरों के अनुकूल प्रतिस्पर्धी दरों पर बीज खरीदने के अधिकार दे दिए गए हैं, ताकि बीज उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा की जा सके तथा टीडीसी लाभ का सौदा कर सकें।

उन्होंने इंगित किया कि बीजों के टैग का अनाधिकृत प्रयोग किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही है, ऐसी प्रवृत्ति को तत्काल जांच कर रोका जाए। उन्होंने कहा कि बदलते बाजारट्रैंड के अनुकूल. ऑर्गेनिक बीजों तथा मिलेट व दालों के बीजों पर काम करें, ताकि राज्य के पर्वतीय अंचलों के किसानों को उसका लाभ पहुंचाया जा सके।मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो-जो बातें आज कह रहा हूं उन्हीं बिंदुओं पर 1 महीने के बाद दोबारा प्रगति देखने आऊंगा। इस अवसर पर सचिव कृषि मीनाक्षी सुंदरम, निदेशक कृषि, गौरी शंकर, निदेशक टीडीसी, बीएस नगनियाल, प्रबंध निदेशक कृषि, सुश्री निधि यादव, ऑर्गेनिक बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के संयुक्त निदेशक डॉ. एच सी सकता आदि उपस्थित रहे।


# मसूरी, हाथी पांव के पास खाई में गिरने से 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, एसडीआरएफ और पुलिस ने किया शव बरामद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी में हाथी पाँव मसूरी में एक व्यक्ति खाई में गिर गया है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा 100 नम्बर पर दी गई जिसपर एसडीआरएफ पोस्ट सहस्त्रधारा से मुख्य आरक्षी रवि चौहान के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम और मसूरी पुलिस फोर्स 108 एम्बुलेंस के साथ रवाना हुई। एनडीआरएफ और पुलिस की टीम के द्वारा खाई में पड़े व्यक्ति को निकाला गया वह 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उप जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

मसूरी पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति हाथी पाँव मसूरी के पास घूम रहा था, अचानक उक्त व्यक्ति का पैर फिसल जाने के कारण वह ऊपर वाली रोड से नीचे रोड पर गिर गया। जिससे उक्त व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गई। उन्होने बताया कि मसूरी पुलिस और एसडीआरएफ टीम द्वारा गहरी खाई में उतरकर सर्च एंड रेस्क्यू अभियान चलाया गया, गहन





सर्चिंग के उपरांत उक्त व्यक्ति चांद सिंह पुत्र करतार सिंह उम्र 61 वर्ष निवासी हरियाणा को खाई से निकालकर अस्पताल पहुचाया गया। मसूरी कोतवाल गिरीश चंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा से दो दोस्त मसूरी हाथीपाँव के घूमने के लिये आये थे कि मृतक शौच के लिये सडक किनारे गया जहां उसका पैर फिसल गया और वह गहरी खाई में जा गिरा। उन्होने कहा कि मृतक के साथ आया व्यक्ति को पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है वह घटना स्थल की भी जांच की जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वह परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

दैनिक न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा